भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1288

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2023 को दिया जाना है

देश में यूरेनियम संसाधन और आपूर्ति चेन बढ़ाने की योजना

1288 श्री संत बलबीर सिंह :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार, देश में यूरेनियम की दीर्घकालिक मांग और स्वदेशी स्रोतों से इसकी आपूर्ति का आकलन करने के बाद, यूरेनियम संसाधनों और आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए नई जगहों पर यूरेनियम की खोज के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) व (ख) जी, हां। परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) ने आंध्र प्रदेश और झारखंड में कुछ मौजूदा इकाइयों की क्षमता विस्तार और देश के विभिन्न भागों में हरित क्षेत्र परियोजनाओं के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। तदनुसार, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) ने वैधानिक अनुमति प्राप्त करना, भूमि अधिग्रहण, स्थल विकास और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ करना जैसी परियोजना-पूर्व गतिविधियाँ आरम्भ की हैं और गतिविधियां देश के विभिन्न भागों अर्थात, झारखंड में गराडीह, बनाडूंगरी, आंध्र प्रदेश में कानमपल्ली, राजस्थान में रोहिल परियोजना, कर्नाटक में गोगी और कंचनकायी परियोजना, छत्तीसगढ़ में जजावाल परियोजना और तेलंगाना में चित्रियाल में नई खान और संयंत्र स्थापित करने के लिए निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। इसी तरह, परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) की एक संघटक इकाई परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) का अधिदेश देश में यूरेनियम के खनिज संसाधनों की पहचान कर उनका मूल्यांकन और संवर्धन करने का है। यूरेनियम संसाधनों की निर्बाध स्वदेशी आपूर्ति और तीव्र संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए, एएमडी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी

का उपयोग करके देश के पहचाने गए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकीकृत और बहु-आयामी अन्वेषण (हेलीबोर्न और भौम भूभौतिकीय सर्वेक्षण, भू-भूवैज्ञानिक, भू-रसायन और विकिरणमितिक सर्वेक्षण और भूवेधन सहित) कर रहा है।

वर्तमान में, एएमडी निम्नलिखित राज्यों में यूरेनियम संसाधनों के तीव्र संवर्धन के लिए एकीकृत और बहु-आयामी अन्वेषण कर रहा है :

राज्य	**स्थान**
आंध्र प्रदेश	वाईएसआर, अन्नामय्या, पलनाडु, कुरनूल और प्रकाशम जिले
कर्नाटक	यादगिरि और बेलगावी जिले
झारखंड	पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला - खरसावां और गढ़वा जिले
ओडिशा	सुंदरगढ़ और मयूरभंज जिले
असम	कामरूप, होजई और कार्बी आंगलोंग जिले
अरुणाचल प्रदेश	दिबांग घाटी, लोअर दिबांग घाटी, पूर्वी सियांग, पश्चिम सियांग, लोहित, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, पश्चिम और पूर्वी कामेंग जिले
राजस्थान	सिकर, नागौर, अजमेर, झुंझुनू, भीलवाड़ा, बाड़मेर, दौसा और जोधपुर जिले
हिमाचल प्रदेश	ऊना, हमीरपुर, मंडी, बिलासपुर और कुल्लू जिले
मध्य प्रदेश	ग्वालियर, सागर, छतरपुर, बेतूल और सीधी जिले
छत्तीसगढ	कोरबा, शक्ति, जीपीएम, जांजगीर-चंपा और बिलासपुर जिले
महाराष्ट्र	गोंडिया जिला
उत्तर प्रदेश	सोनभद्र जिला
हरियाणा	महेंद्रगढ़ जिला

सितंबर, 2023 तक, एएमडी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मेघालय, राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में स्थित 47 यूरेनियम निक्षेपों में 4,10,122 टन (टी) स्वस्थाने U_3O_8 निर्धारित किया है।

(ग) व (घ) जी, हां। हाल के वर्षों के दौरान, एएमडी ने निम्नलिखित नए क्षेत्रों में अन्वेषण आरम्भ किया है :

राज्य	**स्थल**
आंध्र प्रदेश	नलगोंडावरपल्ली - अंबाकापल्ली - बक्कनगरीपल्ली - सिवरामपुरम - पिंचा - कुमारमपल्ली, - नगायापल्ली, वाईएसआर जिला; सारंगपल्ली - मदीनापादु-तांगेडा, पलनाडु जिला; बोम्माराजुपल्ली-मिन्काहालपाडु - कपात्रल्ला, कुरनूल जिला और कटिमायाकुंता - वरिकुंतापल्ली, अन्नमाया जिला
कर्नाटक	हुलकल - हल्भवी - मदनल, यादगिरि जिला और देशनूर, बेलगावी जिला
झारखंड	कुदादा - कन्यालुका - पाथरगोरा - खाडंडुंगरी - बागलासई - मेचुआ, पूर्वी सिंहभूम जिला; कुमारी - कमलपुर, सरायकेला - खरसावां जिला और चुंडी - कारके, गढ़वा जिला
असम	बुरीगंगा, होजई जिला और बोंडा - चंद्रपुर; कामरूप जिला
अरुणाचल प्रदेश	रुंगंग - केइंग - पगला नाला, पश्चिम सियांग जिला; दिरांग - संगी, पश्चिम कामेंग जिला और अम्पुली, पापुम पारे जिला
राजस्थान	गेराटियॉन की धाणी - कुंडला, सीकर जिला; मलिखेरा - बरलियास, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिले; भूरा सिद्ध, अलवर जिला और बिचुन - नयागांव, अजमेर जिला
हिमाचल प्रदेश	राजपुरा - नारी - मसलना - पराह - बदोह - गगरेट - अंबोटा, ऊना जिला; लोहारकर - चंसाई - फारसी - सिबल - गलोत, हमीरपुर जिला; छिंजरा - धरमोर, कुल्लू जिला और तिलेली - चा का डोरा - रोहाणी - मंज खेतर, मंडी जिला

राज्य	स्थल
मध्य प्रदेश	महारामपुरा-सिरसा-रेनहाट दोरार-सीतला का खोह-सरायपुरा-जोरासी, ग्वालियर जिला; धारंगमऊ-खापा-झपरी-कछार-कलापानी, बेतुल जिला एवं लोहारा डोंगरगांव, बालाघाट जिला।
छत्तीसगढ	मगरकुंड - कोइलारी, राजनंदगांव और कवर्धा जिले; जुबा - बांझपाली, महासमुंद जिले; नागार्डी - घुइचुआ - हरदी टिकरा - कासिपानी - घोघरा - सलीहाभाटा, कोरबा और जांजगीर - चंपा जिले; कुरलुडीह - तालकेश्वरपुर - झापर, बलरामपुर जिले; मुरमुर-घटबहरा, जीपीएम जिला और सपलवा - हिरवाडोली, कोरबा जिला
महाराष्ट्र	बीजेपर - नवातोला - बीजाकुतुम्ब - नकती-परसोरी, गोंदिया जिला
उत्तर प्रदेश	अंजांगीरा - कुदार - जलजलिया - ननियागढ़ - निमना - सतबाहिनी - मुराटोला - लीलासी - बरवाटोला - दीघुल - सेवाडांड - जोगिया पहाड़ी - गरिया - लांबी - बारान - रिवर, सोनभद्र जिला
हरियाणा	दोचाना-सिमला, महेंद्रगढ़ जिला

* * * * *